Regarding Point of Order

डॉ. निशिकान्त दुबे : माननीय सभापति जी, मेरा पाइंट ऑफ आर्डर है ।

माननीय सभापति : आप किस नियम के तहत पाइंट ऑफ आर्डर मांग रहे हैं?

डॉ. निशिकान्त दुबे : महोदय, स्पीकर के डायरेक्शन 115(ए) के तहत मेरा पाइंट ऑफ आर्डर है कि माननीय सदस्य ने वर्ष 1949 के आर्गेनाइजर के आर्टिकल का जिक्र किया है ।? (व्यवधान) मैं सदन को बताना चाहता हूं कि वर्ष 1949 के उस आर्टिकल के आधार पर आर्गेनाइजर के एडिटर को जेल हो गई थी । सुप्रीम कोर्ट में इसकी बहस चली और यह तय हो गया कि आर्गेनाइजर में वह आर्टिकल छपा ही नहीं था । ये मिसलीड कर रहे हैं । इन्हें ऑथेंटिकेट करने के लिए कहिए, नहीं तो पार्लियामेंट से निकालिए ।   ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं रिकार्ड चैक कर लूंगा और उसके बाद देखूंगा ।

? (व्यवधान)